AADHAAR

Hindustan Edition Delhi
25.5.2017 Page 17
Height 9.47cm Width 8.66 cm

आधार नामांकन को आयु प्रमाण देना अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली। आधार नामांकन के लिए आयु का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं है लेकिन विशिष्ट पहचान के लिए दर्ज जन्म की तारीख में सुधार के लिए वैध दस्तावेज की जरूरत पड़ती है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आधार प्राप्त करने के लिए आयु का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं है। संभव है कि देश में कई लोगों को अपनी वास्तविक जन्मतिथि की जानकारी नहीं है।

ऐसे मामलों में, लोगों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी उम्र स्पष्ट करें और इसे यूआईडीएआई स्वीकार करता है। अधिकारी इलाहाबाद के पास कंजासा गांव के निवासियों के आधार कार्ड में गड़बड़ी को लेकर हाल ही में आई एक रिपोर्ट पर जवाब दे रहे थे। वहां हर पांचवें व्यक्ति की जन्मतिथि 1 जनवरी है। राजस्थान के एक गांव से भी ऐसी रिपोर्ट आई है। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों में आवेदक द्वारा दी गई सूचना के आधार पर उस वर्ष की पहली जनवरी जन्मतिथि लिखी जाती है। कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। यह यूआईडीएआई की अनुमोदित नीति है।

फैसला

- सुधार के लिए वैध दस्तावेज की जरूरत पड़ती है
- इलाहाबाद के एक गांव के लोगों के आधार में गड़बड़ी की रिपोर्ट आई थी